संस्थान के छात्रों ने परेड ग्राउंड में गणतंत्र दिवस समारोह में भाग लिया

26 जनवरी 2023 को गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर संस्थान के छात्रों ने निम्नलिखित कार्यक्रमों में हिस्सा लिया-

1. परेड ग्राउंड, सेक्टर 17, चंडीगढ़।
2. राज्यपाल भवन में आयोजित एट होम समारोह।
3. पुरस्कार वितरण समारोह।

1. परेड ग्राउंड सेक्टर 17 चंडीगढ़

राजकीय बौद्धिक दिव्यांगजन पुनर्वास संस्थान, साधना, सोरेन और भवन विद्यालय के कुल 80 दिव्यांग छात्रों ने देशभक्ति गीतों तेरी मिट्टी, ए वतन, मेरे देश की धरती और ए देश है वीर जवानों का संयुक्त रूप से मिलाकर एक एक्शन गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों ने इसकी खूब सराहना की।

एडवाइजर टू द एडमिनिस्ट्रेटर, चंडीगढ़ प्रशासन श्री धर्मपाल जी संस्थान के छात्रों और शिक्षकों को उनके नृत्य प्रदर्शन के लिए पुरस्कार देते हुए।

नृत्य प्रस्तुत करते हुए छात्र गण

2. राज्यपाल भवन में आयोजित एट होम समारोह

शाम को राजकीय बौद्धिक दिव्यांगजन पुनर्वास संस्थान के साथ-साथ अन्य तीनों संस्थानों के छात्रों को राजभवन में एट होम समारोह के लिए आमंत्रित किया गया था। जहां बच्चों ने सांस्कृतिक प्रदर्शन और शाम की चाय का आनंद लिया।

3. पुरस्कार वितरण समारोह-

संस्थान के संयुक्त निदेशक डॉ प्रीति अरुण ने प्रतिभागियों को बधाई दी और प्रतिभागियों को चंडीगढ़ प्रशासन के द्वारा दिए गए लंच बॉक्स प्रदान किए।

छात्र प्रतिभागियों के साथ डॉ प्रीति अरुण और श्रीमती वंदना सिंह।

इस कार्यक्रम के समन्वयक सुश्री आशिमा, श्री रोमी, सुश्री अल्पना, सुश्री शीतल, सुश्री अनीशा और सुश्री प्रियंका थीं।